**अव्यवस्था** | अव्यवस्थाओं के बीच संचालित हो रहे विवाह घर, नगरीय प्रशासन मौन

# सड़क पर लगता है जाम, नहीं है पार्किंग की व्यवस्था




**ब्यौहारी, नवभारत।** नगर परिषद के अफसरों की अनदेखी कहे या मिली भगत जिसका फायदा उठाते हुए नगर मे बरात घर और मैरिज गार्डेन का संचालन करने वाले व्यापारियों ने मानो नियम कानून को तिलांजलि देते हुए नियम विरुद्ध संचालन कर मोटी कमाई का जरिया बना रखा है। एक रात के लाखो रूपये पीट रहे हैं जबकि देखा जाए तो इन बरात घरों और मैरिज गार्डनों में कई जगह खामियां रहती है और नियमों का समुचित रूप से पालन नहीं किया जाता है।

### बिना अनुमति संचालित हो रहे विवाह घर

प्रशासनिक अधिकारी और नगर पालिका के अमलो द्वारा कभी भी इनकी खबर नहीं ली जाती है।बरात घरों और मैरिज गार्डनों की मांग इतनी है कि शादी विवाह करने वालों को मजबूरन कई महीने पहले से सम्पर्क कर अपनी तिथि के अनुसार बुकिंग करानी पडती है। एक रात के लाखों रुपए ऐठे जाते है, जबकी सुविधाएं यंहा नाममात्र की ही रहती है। अगर बारात घरों की पात्रता सूची देखी जाए तो उसकी आधी सुविधाएं भी यहां नहीं दी जाती है। इनमें इतनी कमाई है कि दिन प्रतिदिन बरात घरो की संख्या बढ़ रही है। ब्यौहारी नगर मे एक दर्जन के लगभग बरात घर चल रहे है। बारात घर के मालिक खर्चे लगने के नाम पर रोना रोते रहते हैं, लेकिन वे प्रति सीजन लम्बी कमाई कर दिनोदिन धनकुबेर बनते जा रहे हैं। आजकल नगर की बस्तियों और गली कूचो मे भी बरात घर चल रहे हैं।

### नगर परिषद को राजस्व क्षति

नियमो का समुचित रूप से पालन नहीं किये जाने से न सिर्फ नगर परिषद के राजस्व की क्षति हो रही है बल्कि लोगों की सुरक्षा से भी खिलवाड हो रहा है। मैरिज गार्डेन का हर तीन वर्ष में लाइसेंस रिंन्युवल कराना , समारोह मे हवाई फायर पर प्रतिबंध परिषर में सीसी टीवी कैमरे लगाना अनिवार्य है। लेकिन कई गार्डनों में कैमरे नहीं लगे है। समारोह से तीन दिन पहले संबंधित थाने में सूचना देना, रात 10 बजे के बाद डीजे का उपयोग न करना, आतिशबाजी के लिए निर्धारित स्थान की जानकारी प्रशासन को देनें, समारोह के बाद कचरा फेकना, मैरिज गार्डेन के कुल क्षेत्रफल का 35 फीसदी स्थान पार्किंग के लिए अनिवार्य है। लेकिन कई जगह सडकों पर ही पार्किंग होती है । मैंरिज गार्डेन मे वृक्षारोपण, पार्क और खालीं भूमि होना भी अनिवार्य है। यहीं नही आनेजाने के लिए गार्डेन में अलग- अलग रास्ते, अग्निशामन यंत्र अनिवार्य है। महिला एवं पुरुषों के लिए पर्याप्त प्रसाधन सहित अन्य सुविधाएं होनी चाहिए। लेकिन यह नियमों का पालन नहीं किया ज रहा है। ब्यौहारी में समारोह के लिए बनाए गए कई मैरिज गार्डेन पूरी तरह से अवैध है।

### नियम कानून को ताक संचालित हो रहे मैरिज गार्डेन

शासन-प्रशासन के निर्देशों को ताक पर रखते हुए मैरिज गार्डेन का संचालन हो रहा है। शादियों के मौसम में मैरिज गार्डन के सामने वाहनों की लंबी कतार लग जाता है और जाम की स्थिति बन जाती है। इस संबंध में नगरीय प्रशासन के जिम्मेदार अफसर यह जानते है कि मैरिज गार्डेन का संचालन की अनुमति किसी को नहीं है। बावजूद इसके चुप्पी साधे हुए है। ब्यौहारी में लगभग सभी मैरिज गार्डेन का अबैध रूप से संचालन हो रहा है। संचालक को मैरिज गार्डेन संचालन के लिए नगर पालिक से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेन अनिवार्य है। यदि इसी की जांच कर ली जाए कि कितनों के पास यह प्रमाण पत्र है तो सच सामने आ जाएगा। मैरिज गार्डन में जो शोर शराबा होता है वह भी प्रतिबंधित है। इसकी जानकारी शायद कम लोगों को है। जबकि बरात घरों में इस की पूरी छूट दी जाती है। डी.जे. से 80 डेसिबल तक शोर होता है। जो सीधे ध्वनि प्रदूषण करता है, जबकी सामान अवस्था के हिसाब से एक शरीर दिन के समय अधिकतम 55 डेसबल और रात के समय अधिकतम 45 डेसिबल तक ही ध्वनि सह सकता है। इससे ज्यादा होने पर दुसप्रभाव सामने आते हैं । इससे बहरापन , मानासिक उतेजना, चिड़चिड़ापन और दिमाग असंतुलन हो सकता है। इसके लिए कोई ध्यान नहीं दिया जाता है। माना जाता है कि स्वास्थ्य रक्षा के लिए लोगों को विरोध प्रदर्शन पर ही उतरना पड़ेगा।


### इनका कहना है

किसके पास नगर परिषद की एनोसी है या नहीं इसकी जानकारी नहीं है। इस पर कार्यवाही करना है। कल नोटिस जारी करवाये देता हूँ कि वो नगर परिषद मे आ कर अपना पंजीयन कराले।

**शरद गौतम**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी ब्यौहारी**

# जर्मन कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ आज करेंगे विचारपुर का भ्रमण

▸ **जर्मन कोच मिनी ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ियों से करेंगे संवाद**



**शहडोल, नवभारत।** जर्मनी के प्रतिष्ठित फुटबॉल 4 के कोच डाइटमार बीयर्सडॉर्फ 24 नवंबर को मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका ग्राम विचारपुर का भ्रमण करेंगे। डाइटमार बीयर्सडॉर्फजर्मनी में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके फुटबॉल खिलाड़ी एवं मिनी ब्राजील के अन्य फुटबॉल खिलाड़ियों से संवाद कर मार्गदर्शन एवं अपना अनुभव साझा करेंगे। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम जैसे अन्य विश्व स्तरीय मंचों में मध्यप्रदेश के शहडोल जिले के ग्राम विचारपुर की फुटबॉल टीम को 'मिनी ब्राजील' कहकर राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पहचान दिलाई। प्रधानमंत्री के उल्लेख के बाद जर्मनी के प्रतिष्ठित क्लब 4 क्लब ने विचारपुर के खिलाड़ियों और कोच को 4 से 12 अक्टूबर 2025 तक प्रशिक्षण का अवसर प्रदान किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त करने में करने वाले विचारपुर से कुल पाँच खिलाड़ी और एक महिला प्रशिक्षक का चयन किया गया है। इनमें लक्ष्मी सहीस (कोच), सानिया कुंडे, सुहानी कोल, प्रीतम कुमार ,वीरेंद्र बैगा, मनीष घसिया के नाम शामिल रहें। मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बनाने वाला शहडोल का विचारपुर जहां के फुटबॉल खिलाड़ी अपने जुनून और प्रतिभा से मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं।

## एक नजर में




### प्राइवेट वाहनों में अनधिकृत हूटर पर कार्रवाई

**शहडोल, नवभारत।** पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित रखने एवं कानून.व्यवस्था बनाए रखने हेतु निरंतर विशेष चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर क्षेत्र एवं प्रमुख मार्गों पर यातायात पुलिस द्वारा वाहनों की गहन जांच की गई। चेकिंग के दौरान कुछ प्राइवेट वाहनों में नियम विरुद्ध अनधिकृत हूटर लगाए पाए गएए जो मोटर वाहन अधिनियम का उल्लंघन है। जिन वाहनों में ऐसे हूटर पाए गएए उनके विरुद्ध तत्काल आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई तथा हूटर जब्त किए गए। अभियान के दौरान अन्य वाहनों के आवश्यक कागजात ड्राइविंग लाइसेंस, पंजीयन प्रमाणपत्रए बीमाए प्रदूषण प्रमाणपत्र आदि की भी जांच की गई। दस्तावेज़ों में कमी पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध नियमानुसार चलानी कार्रवाई की गई।



### सीएमएचओ ने उप स्वास्थ्य केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**शहडोल, नवभारत।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा ने उप स्वास्थ्य केंद्र बमुरा, सामतपुर, कठौतिया एवं बोडरी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने उप स्वास्थ्य केन्द्रो में उपलब्ध दवाओं तथा वितरण की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की शासन के निर्देशानुसार उप स्वास्थ्य केंद्र में पर्याप्त मात्रा में आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित करें तथा स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया भी कराए। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजो को दी जाने वाली सेवाओं की समीक्षा करते हुए स्टाफको समय पर उपस्थित होकर पूरी संवेदनशीलता एवं कर्तव्यनिष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान के निर्देश दिए।



### ओलंपियाड परीक्षा में 446 छात्रों ने भाग लिया

**शहडोल, नवभारत।** रस्मोहिनी संकुल अंतर्गत प्राइमरी से माध्यमिक स्तर के छात्र छात्राओं का ओलंपियाड परीक्षा कराया गया परीक्षा में लगभग 465 छात्राओं में से 446 छात्रों ने भाग लिया। सुबह से आसपास के विद्यालयों के 10-12 किलोमीटर के छात्र-छात्राओं का जमघट विद्यालय परिसर में लग गया छात्रों के साथ उनके शिक्षक विशेष वाहन में विद्यालय में उपस्थित कराये परीक्षा संपन्न होने के उपरांत छात्र-छात्राओं के लिए विशेष भोज्य का व्यवस्था किया गया था निरीक्षण में बीआरसी सीताराम द्विवेदी एवं बीएसी प्रमोद पारस ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं भोजन व्यवस्था की भूरि-भूरि प्रशंसा की। छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था सीएसी सुरेंद्र सिंह,जितेंद्र तिवारी, राजेश शुक्ला, विजय कृष्ण मिश्रा, द्वारा किया गया। साउंड सिस्टम राजेश शुक्ला द्वारा किया गया, भोजन का प्रभार मनोज कांत शर्मा को सौंपा गया था। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक नरोत्तम शर्मा, जमुना पटेल, विनोद सिंह, अखिलेश प्रताप सिंह, अमीर साह, स्वामीदीन सिंह, नर्बदा, रवि, सोनू, अरुण महरा, अंजना वर्मा, प्रदीप राजोदिया, अरूण सुमन, उपेन्द्र पाण्डेय, रजनी, अजीत पाठक, पवन, गेंदलाल, सोनम, कविता, प्रज्ञा, पुष्पा, सोनिका, शिवेंद्र तिवारी, धीरेन्द्र शर्मा, शिवाशिनी, पुष्पलता, भूषण आदि का सहयोग प्रशंसनीय रहा। पूरा कार्यक्रम ललिता मिश्रा प्रभारी प्राचार्य के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

# सीआरपीएफ जवान के 40 कारतूस चोरी, मचा हड़कंप

▸ **जीआरपी ने दर्ज किया मामला, शुरू की गई तलाश**

**नवभारत, कटनी।** चुनाव ड्यूटी से वापस लौट रहे एक सीआरपीएफ जवान की इंसास राइफल के दो लोडेड मैगजीन कटनी के पास ट्रेन से रहस्यमय तरीके से गायब हो गए। मैगजीन में 40 गोलियां भरी थीं। घटना सामने आते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। खोजबीन के दौरान पुलिस ने दोनों मैगजीन तो झाड़ियों से बरामद कर ली हैं, लेकिन उनमें भरी 40 गोलियां गायब हैं। इससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई है, सूत्रों के अनुसार, बिहार से कच्चे कुडा जा रही एक स्पेशल ट्रेन में सुरक्षा में बड़ी लापरवाही सामने आई है। बिहार में चुनाव ड्यूटी पूरी कर लौट रहे सीआरपीएफ जवान की दो लोडेड मैगजीन अचानक चोरी हो गई। जीआरपी उपनिरीक्षक अनिल मरावी ने बताया कि घटना उस समय हुई जब ट्रेन कटनी लमतरा और अधारकाप के बीच आउटर पर खड़ी थी। इसी दौरान किसी ने मैगजीन चोरी कर ली है। चोरी की सूचना मिलते ही जीआरपी, आरपीएफ और सिटी पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की गई। कुछ समय बाद दोनों मैगजीन झाड़ियों में मिलीं, लेकिन 40 कारतूस कोई लेकर चला गया है। इतनी अधिक संख्या में कारतूस का गायब होना सुरक्षा लिहाज से बेहद संवेदनशील हो गया है। जीआरपी ने महिला सीआरपीएफ जवान अस्वार प्रतिज्ञा सुधाकर की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है और प्रकरण की विवेचना की जा रही है। जीआरपी की टीम गायब 40 कारतूस की तलाश कर रही है। मैगजीन चोरी करने वालों की पहचान के लिए संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है। मामले की की गंभीरता को देखते हुए सिटी पुलिस अधिकारी और आरपीएफ अधिकारी भी मौके पर पहुंचे और जांच तेज कर दी गई है। फिलहाल पुलिस चोरी हुई गोलियों के संभावित इस्तेमाल को ध्यान में रखते हुए हर एंगल से जांच कर रही है। संदिग्धों से पूछताछ कर कारतूस के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है, फिलहाल कारतूस के संबंध में पुलिस के पास कोई सुराग नहीं है, अधिक संख्या में कारतूस चोरी होने से हड़कंप मचा हुआ है।

# गणना पत्रक भरने के लिए आवश्यक नहीं किसी भी प्रकार का ओटीपी

▸ **सीईओ संजीव कुमार झा ने किया मतदाताओं को सतर्क**

**शहडोल, नवभारत।** एसआईआर-2026 के दौरान गणना पत्रक भरने के लिए बीएलओ या किसी भी अन्य अधिकारी द्वारा किसी भी माध्यम से ओटीपी मांगे जाने की आवश्यकता नहीं है। मध्यप्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संजीव कुमार झा ने मतदाताओं को सतर्क करते हुए बताया है कि वर्ष 2003 की मतदाता सूची में स्वयं, माता-पिता या दादा-दादी संबंधी जानकारी प्राप्त करने के लिए मतदाता अपने क्षेत्र के बीएलओ अथवा नजदीकी हेल्पडेस्क से संपर्क कर सकते हैं। इसके अलावा जानकारी ऑनलाइन पर भी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने नागरिकों से अनुरोध किया है कि एसआईआर पत्रक भरते समय सुरक्षा उपायों का पालन करें। आधिकारिक सरकारी वेबसाइट पर ही एसआईआर भरें।

### ये हैं सुरक्षा उपाय

ओटीपी या व्यक्तिगत जानकारी किसी के साथ साझा न करें। एसआईआर की प्रक्रिया में निर्वाचन विभाग या किसी अधिकारी द्वारा फोन, मैसेज पर ओटीपी, आधार नंबर, मोबाइल नंबर आदि मांगना प्रक्रिया का हिस्सा नहीं है। यदि कोई इस तरह की जानकारी माँगता है तो वह साइबर फ्रॉड कॉल हो सकता है।

### एसआईआर भरते समय इन बातों का रखें ध्यान

एसआईआर प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क है। किसी भी प्रकार की फीस, प्रोसेसिंग चार्ज या भुगतान करने के लिए कहे जाने पर ध्यान दें- ऐसे संदेश, कॉल धोखाधड़ी हो सकते हैं। व्हॉट्सऐप या सोशल मीडिया पर मिले लिंक न खोलें। आपका वोटर कार्ड रद्द हो जाएगा, तुरंत एसआईआर भरें जैसे संदेश फर्जी हो सकते हैं। ३एसआईआर के लिये साइबर कैफे का उपयोग करते समय सतर्क रहें। ऑटो-सेव बंद रखें, कार्य समाप्त होने पर ब्राउजर इतिहास कैश साफकरें और अनिवार्य रूप से लॉगआउट करें। किसी भी संदिग्ध कॉल, लिंक या गतिविधि की तुरंत रिपोर्ट राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल अथवा हेल्पलाइन 1930 पर करें।

# राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिता में मिनी ब्राजील की बालिका फुटबॉल खिलाड़ी लहरा रही परचम

▸ **मध्यप्रदेश की फुटबॉल टीम 5-0 से विजयी**



**शहडोल, नवभारत।** सहायक संचालक खेल रईस अहमद ने जानकारी दी है कि राष्ट्रीय अंडर 17 जूनियर बालिका फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन 23 नवंबर से 27 नवंबर तक नागालैंड राज्य के दीमापुर में आयोजित किया जा रहा है। उक्त फुटबॉल प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश की टीम में शहडोल जिले के मिनी ब्राजील के नाम से पहचान बना चुका ग्राम विचारपुर की पांच बालिका फुटबॉल खिलाड़ियों का चयन किया गया है। शहडोल जिले से चयनित खिलाड़ियों में अर्चना बैगा, खुशी सिंह, पुनीता सिंह, सानिया कुंडे और राधनी सिंह के नाम शामिल हैं। 23 नवंबर को खेले गए पहले मुकाबले में मध्यप्रदेश ने हिमाचल प्रदेश को 05-0 से पराजित कर शानदार जीत हासिल की। इस बेहतरीन शुरुआत से टीम का आत्मविश्वास और मजबूत हुआ है। मध्यप्रदेश टीम का अगला मैच 25 नवंबर को महाराष्ट्र के विरुद्ध खेला जाएगा। शहडोल की उन पाँचों प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की उपलब्धि पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी अभिषेक दीवान, रईस अहमद सहायक संचालक, कोच यशोदा सिंह, राजीव श्रीवास्तव, फुटबॉल कोच अनिल सिंह, सीताराम सहिस, लक्ष्मी सहिस, राजू बैगा, नीलेंद्र कुंडे सहित अन्य लोगों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



# सरकारी जमीन पर गांव के ही दबंगों ने किया कब्जा

▸ **कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई**

**नवभारत, कटनी।** ढीमरखेड़ा विकासखंड के सिलौंडी से समीपवर्ती ग्राम पंचायत नेगाई में राज्स्व विभाग की लगभग 250 एकड़ भूमि शासकीय रिकार्ड में दर्ज है । जिसमें चरनोई की भी शामिल है। इस भूमि पर गांव के दबंग लोग कब्जा कर कृषि कार्य कर रहे है। शासन की आवश्यक योजनाओं के क्रियावन के लिए जैसे गौशाला, कृषि उपज मण्डी, बस स्टैंड, नर्सरी बनाने भूमि की मांग की जा रही है। प्रशासन के उच्च अधिकारियों ने अतिक्रमण हटाने के लिए निरीक्षण भी कर लिया है। लेकिन अभी तक अतिक्रमण नहीं हटवाया गया है। वर्तमान में सरकारी धान खरीदी स्थल पर भी ग्राम के दबंग लोगों ने कब्जा कर लिया है। इस मामले में कलेक्टर की जनसुनवाई के दौरान शिकायत की गई थी। लोगों ने की सरकारी भूमि से अतिक्रमण हटाने की मांग की थी।

# पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में किया गया भूगोल परिषद का गठन



**शहडोल,नवभारत।** पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय में प्रतिवर्ष की भांति भूगोल विभाग द्वारा भूगोल परिषद 2025 का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्विद्यालय के कुलगुर प्रो. रामशंकर जी ने की इस अवसर पर कुलगुरू परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों का शपथ ग्रहण करवाया एवं भूगोल परिषद द्वारा किये गये कार्यों की समीक्षा एवं प्रशंसा की उन्होंने पिछले वर्ष भूगोल विभाग में किये गय कार्यों के संकलन आधारित पुस्तिका का विमोचन किया। उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कार्य करने में सकारात्मक सुचिता के महत्व पर बल दिया। उन्होंने समाज हेतु स्वप्रेरणा से सामाजिक अभियान हेतु युवाओं की भूमिका के इस प्रकार की परिषद अनुभव को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने मर्यादित मस्तिष्क अर्थात अनुशासन, नवाचार और तपस्या की भांति कार्य पर बल दिया। उन्होंने विशुद्ध बौद्धिक जगत का निर्माण, अनुसंधान, और विश्वविद्यालय में "ज्ञान का स्नान" पहल का उल्लेख किया और इसे आगे बढ़ाने का आह्वान किया। सामाजिक विज्ञान संकाय एवं भूगोल विभाग की अध्यक्षा प्रो. सुनीता बाथरे ने अपने उदबोधन में कहा कि भारत युवाओं का देश है। परिषद युवाओं में न केवल बहुमुखी प्रतिभा को बढ़ायेगा एवं परिषद के विद्यार्थियों द्वारा लिए गए संकल्पों को साकार करने में मदद करेगा। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.मुनीष नेगी द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया एवं अपने उदबोधन में उद्देश्य प्राप्ति में मानव नियोजन हेतु सूत्र वाक्य द्वारा बताया कि ऐसा कोई व्यक्ति नहीं जिसमें कोई गुण न हो केवल उन गुणों का पहचानने और उसका नियोजन करने वाले व्यक्ति की आवश्यकता होती है। इस प्रकार परिषद में भिन्न भिन्न गुणों से युक्त व्यक्तियों के गुणों के लाभ व उपयोग के महत्व पर बल दिया। भूगोल विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ.सौरभ शिवा ने भूगोल विभाग एवं परिषद द्वारा पिछले वर्ष की कार्यक्रमों और उपलब्धियों वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विभाग के विद्यार्थियों द्वारा विगत वर्षों में 9 से अधिक नेट, सेट , जे आर एफ परीक्षा उत्तीर्ण की एवं इस वर्ष की एमपीपीएससी 2024 की सहायक प्राध्यापक (भूगोल) की लिखित परीक्षा में 06 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की इसी वर्ष संघ लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित आई पी एस कु. सिमरन साहू भूगोल विभाग की छात्रा रही है। भूगोल परिषद के नवनिर्वाचित अधिकारियों में से परिषद की अध्यक्ष भावना त्रिपाठी, उपाध्यक्ष राखी बर्मन, कोषाध्यक्ष पर्शराम विश्वकर्मा और परिषद सह सचिव ज्ञानू कुशवाहा ने परिषद की भावी योजनायें और अपने विचार व्यक्ति किए। भूगोल विभाग के अभ्यागत आचार्य अजय सिंह पटेल ने कार्यक्रम में उपस्थित माननीय कुलगुरूजी, प्राध्यापकगणो, भूगोल परिषद, और विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष, प्रो. मनीषा तिवारी, लिमा खरे, प्रो. गंगाधर ढोके, प्रो. चेतना सिंह, सहायक प्राध्यापक डॉ.पूर्णिमा सिंह, डॉ. ब्रजेन्द्र पाण्डे, डॉ.ज्योति सिंह, डॉ.शुभम यादव एवं विभाग भूगोल परिषद के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।